भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1261**
उत्तर देने की तारीख 08 दिसंबर, 2025
17 अग्रहायण, 1947 (शक)

# विकसित भारत - 2047 का लक्ष्य

**†1261. श्री नीरज मौर्य:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार युवाओं को प्रगति का दूत बनने और देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है;

(ख) यदि हाँ, तो विकसित भारत-2047 के बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अब तक क्या प्रयास किए गए हैं और इस लक्ष्य के लिए चुने गए युवाओं की संख्या और तत्संबंधी परिणाम क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने युवाओं को कड़ी मेहनत करने और जोखिम उठाने की सलाह दी है ताकि वैश्विक एजेंसियाँ उनकी क्षमता को पहचान सकें और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अब तक क्या उपलब्धियाँ प्राप्त हुई हैं?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) जी हां। सरकार युवाओं को राष्ट्रीय विकास के उत्प्रेरक और राष्ट्र निर्माण में साझेदार के रूप में सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और उन्हें वर्ष 2047 तक विकसित भारत के विजन को प्राप्त करने में प्रगति के नायक के रूप में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करती है। युवा कार्यक्रम विभाग नेतृत्व, सामुदायिक सहभागिता और सकारात्मक युवा विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को कार्यान्वित करता है।

(ख) यह विभाग अपने प्रमुख युवा संगठनों—**माई भारत (मेरा युवा भारत), राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आरजीएनआईवाईडी) और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय युवा और किशोर विकास कार्यक्रम (एनपीवाईएडी), अंतर्राष्ट्रीय सहयोग (आईसी) योजना जैसी**

**विभिन्न स्कीमों** के माध्यम से युवाओं में क्षमता निर्माण, नेतृत्व विकास और राष्ट्र निर्माण गतिविधियों के लिए कई पहलें कर चुका है। इनमें युवा नेतृत्व कार्यक्रम, उद्यमिता और नवाचार एक्सपोजर, क्षमता निर्माण, अनुभवजन्य सीख कार्यक्रम, स्वैच्छिक कार्यक्रम, सामाजिक विकास अभियान और सामुदायिक सेवा शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य युवाओं को ऐसे कौशल, मूल्य और अवसर प्रदान करना है, जो उन्हें विकसित भारत–2047 के राष्ट्रीय विजन में सार्थक योगदान देने के लिए सक्षम बनाए।

साथ ही, एनएसएस युवाओं को एक संरचित स्वयंसेवी आधारित योजना के माध्यम से जोड़ता है। एनएसएस देशभर में प्रतिवर्ष 15 राष्ट्रीय एकता शिविर (एनआईसी) आयोजित करता है, जिसमें प्रत्येक शिविर में 200 चयनित स्वयंसेवक शामिल होते हैं, ताकि एकता, सांस्कृतिक विविधता, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा दिया जा सके। राष्ट्रीय युवा महोत्सव, जिसे विकसित भारत युवा नेताओं संवाद (वीबीवाईएलडी) के रूप में पुनः डिज़ाइन किया गया है, 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में 2,500 प्रतिभागियों के साथ आयोजित किया गया, जिसमें नवोन्मेषक और स्वयंसेवक शामिल थे, और इसके 6 करोड़ से अधिक ऑनलाइन दर्शक थे। 2026 संस्करण में, लगभग 33,50,000 युवाओं ने इस प्रश्नोत्तरी में भाग लिया। राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव (एनवाईपीएफ) जिला और राज्य स्तर पर लाखों युवाओं को भाग लेने के लिए प्रेरित करता है और प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर के लिए 80–95 विजेताओं का चयन करता है।

युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा 'विकसित भारत – 2047' शीर्षक के तहत किसी विशेष श्रेणी के युवाओं का औपचारिक चयन नहीं किया गया है; तथापि, लाखों युवा प्रतिवर्ष उपरोक्त कार्यक्रमों में भाग लेते हैं और राष्ट्रीय विकास परिणामों में योगदान देते हैं।

(ग) और (घ) : सरकार ने अपनी विभिन्न स्कीमों और राष्ट्रीय युवा नीति के माध्यम से युवाओं को परिश्रमी बनने, नवाचार को अपनाने और राष्ट्र निर्माण में भाग लेने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया है ताकि उनकी क्षमता को विश्व स्तर पर मान्यता मिल सके। विभिन्न प्लेटफ़ॉर्म और कार्यक्रम युवाओं को कठिन परिश्रम, नवाचार और आर्थिक तथा सामाजिक विकास प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी का महत्व समझाते हैं। यह विभाग इन उद्देश्यों को निम्नलिखित कार्यक्रमों के माध्यम से बढ़ावा देता है :

- माई भारत, एनएसएस और आरजीएनआईवाईडी द्वारा आयोजित युवा नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम;
- माई भारत के तहत कौशल, नवाचार और उद्यमिता एक्सपोज़र कार्यक्रम;
- राष्ट्रीय युवा महोत्सव, जिला युवा सम्मेलन और राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने वाले अभियान;
- ऐसी गतिविधियाँ जो युवाओं को पहल करने, स्थानीय समस्याओं के समाधान में योगदान देने और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मान्यता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें।
- अंतर्राष्ट्रीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (आईवाईईपी), अन्य बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय बैठकें / शिखर सम्मेलन / सम्मेलन आदि।

(ङ) इस विभाग की विभिन्न स्कीमों के तहत निम्नलिखित उपलब्धियाँ प्राप्त की गई हैं :

- **राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस):** प्रतिवर्ष 3.9 मिलियन से अधिक एनएसएस स्वयंसेवक सामुदायिक सेवा, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों और विकास कार्यों में संलग्न रहते हैं। इसके अतिरिक्त, एनएसएस प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय एकता शिविर (एनआईसी) का आयोजन करता है, जिसमें प्रति शिविर 200 चयनित स्वयंसेवक भाग लेते हैं ताकि सामाजिक सेवा के माध्यम से सांस्कृतिक विविधता, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा दिया जा सके। वीबीवाईएलडी (2025) में 2,500 प्रतिभागी शामिल थे, जिसमें नवोन्मेषक और स्वयंसेवक थे और इसमें 6 करोड़ से अधिक ऑनलाइन दर्शक थे। 2026 संस्करण में पहले चरण की प्रश्नोत्तरी में 50 लाख से अधिक युवा शामिल हुए। राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव जिला/राज्य स्तर पर लाखों युवाओं को शामिल करता है और प्रति वर्ष 80–95 राज्य विजेताओं का चयन करता है।
- **माई भारत:** माई भारत कौशल विकास, सामुदायिक सेवा, फिट इंडिया, स्वच्छता, आपदा प्रबंधन और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को जोड़ता है।
- **माई भारत** प्लेटफ़ॉर्म युवाओं को स्वयंसेवा, नेतृत्व और रोजगार योग्यताकारी पहलों तक पहुँचने में सक्षम बनाता है।
- **राष्ट्रीय युवा महोत्सव जिसे विकसित भारत युवा नेताओं संवाद (वीबीवाईएलडी), युवा कनेक्ट कार्यक्रम, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार और अन्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की युवा सहभागिता** कार्यक्रमों के रूप में जाना जाता है, युवा नेतृत्व, उद्यमिता एक्सपोजर और राष्ट्रीय विकास में रचनात्मक सहभागिता में योगदान देते हैं।

ये पहलें सामूहिक रूप से भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के व्यापक राष्ट्रीय विजन में मदद करती है।

*****